हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 7 अप्रैल 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

4 बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कराएं बेहतर तैयारी : छिकारा



शिवरीनारायण व आसपास क्षेत्रों में रेत माफिया सक्रिय, कार्रवाई का नहीं है भय

# मशीन से छलनी कर रहे महानदी का सीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-शिवरीनारायण

जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का सिलसिला कही थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थिति यह है कि ना केवल ग्रामीण क्षेत्र में बल्कि शहरी इलाकों में भी बड़ी बड़ी मशीनें लगाकर माफिया महानदी का सीना छलनी कर रहे है। यह बात अलग है कि दिखाने के तौर पर कार्रवाई करने वाला विभाग किसानों के ट्रैक्टरों को पकड़कर अपनी पीठ थपथपा लेता है, लेकिन बड़ी बड़ी चैन माउंटेन मशीन और विशालकाय हाइवा बेखौफ उत्खनन व परिवहन कार्य में लगे होते है। टेंपल सिटी शिवरीनारायण और इसके आसपास के इलाके में मशीनों से रेत उत्खनन और बड़ी गाड़ियों से परिवहन का नजारा रोज की बात है।

इन दिनों शिवरीनारायण में रेत माफिया फिर से सक्रिय हो गए है और अवैध कारोबार धड़ल्ले से कर रहे है। रेत माफिया खुलेआम अपने हाइवा में रेत भरकर रेत बेच रहे हैं।



महानदी में बेखौफ हो रहा रेत का अवैध उत्खनन।

नदी में चैन माउंटेन का उपयोग बेखौफ हो रहा है। एनजीटी व शासन की ओर से रेत खनन पर रोक लगे होने के बावजूद शिवरीनारायण, पामगढ़, मुलमुला होते बिलासपुर की ओर सड़कों पर रेत लोड हाइवा बेखौफ दौड़ते रहते है। महानदी के तटीय इलाकों में संचालित अवैध रेत घाटों पर मशीनों का उपयोग ना केवल रात में बल्कि दिन में भी धड़ल्ले से हो रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि रेत के अवैध कारोबार पर रोक लगाने वाला जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के नाम पर किसानों के ट्रैक्टरों को ही पकड़ने में लगा होता है, जबकि माफियाओं की बड़ी गाडियां और बड़ी बड़ी मशीनें अफसरों के पहुंचने के पहले ही बाहर हो जाती है। कारण चाहे जो भी हो लेकिन जिले में जिस तरह से रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का अवैध कारोबार बेखौफ फल फूल रहा है। उससे विभागीय कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है।

### करते है कार्रवाई

रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। मौके पर निरीक्षण के दौरान जो गाड़ियां मिलती है, उन्हें पकड़ते है और निरीक्षण कर कार्रवाई करेंगे।

**-हेमंत चेरपा,**
जिला खनिज अधिकारी
जांजगीर चांपा

* **जांजगीर-चांपा**। आम जगह पर सट्टा पट्टी लिखकर रुपए का दांव लगाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दीपक कुमार सूर्यवंशी के कब्जे से सट्टा पट्टी एवं 425 रुपए नगदी को बरामद किया। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर कई टुकड़ों में मिला युवक का शव

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम बिरगहनी रेलवे ट्रैक में एक अज्ञात युवक का शव टुकड़ों में मिला है। युवक के शरीर के शरीर के साथ सिर के कई टुकड़े होने के कारण पहचान नहीं हो सकी है। इस संबंध में सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रेलवे लाइन में काम करने वाले कर्मचारियों से सूचना मिली की शुक्रवार की रात्रि एक युवक का रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ। शरीर के कई हिस्सों में बंटा हुआ है। चेहरा भी बुरी तरह है कुचल चुका है और धड़ से अलग हो गया है। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और शव को देखा। रात होने के कारण शव को उठाया नही गया था। रेलवे ट्रैक पर ही शव पड़ा रहा। शनिवार की सुबह पुलिस टीम पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस विवेचना कर रही है।

# टेल एरिया में नहीं पहुंच रहा पानी, किसान चिंतित



धान की फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अपने खून पसीने की मेहनत से गर्मी में भी धान की फसल लगाने वाले नवागढ़ ब्लाक के दर्जनों गांव के किसान सिंचाई की समस्या को लेकर चिंतित है। दरअसल पिछले सप्ताह भर से हसदेव बांगो नहर की धार कम हो गई है। जिसके चलते टेल एरिया में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में यहां सैकड़ों एकड़ में लगी फसल दांव पर है। यदि समय रहते नहर की धार नहीं बढ़ाई गई तो इन्हें भारी नुकसान होगा।

गौरतलब है कि 90 प्रतिशत से अधिक सिचिंत जांजगीर चांपा जिले में ग्रीष्मकालीन फसल लगाने 10 जनवरी से हसदेव बांगो नहर में पानी छोड़ा गया है। जिला जल उपयोगिता की बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक 30 अप्रैल तक नहर में पानी छोड़ा जाएगा। इस दौरान अभी पिछले सप्ताह होली त्यौहार को लेकर नहर की धार कम की गई थी। इसके बाद से टेल एरिया में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। किसानों के मुताबिक जांजगीर के आगे धुरकोट वितरक तक नहर की धार ठीक है। इसके बाद नवागढ़ क्षेत्र में पानी का बहाव हो गया है। खास करके नवागढ़ के आगे मुख्य शाखा नहर में पानी अत्यंत कम मात्रा में पहुंच रहा है। जिसके कारण यहां के खपराडीह, तुलसी, मिसदा, खैरताल वितरक शाखाओं में नहर की धार अत्यंत कम हो गई है और किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐस में इस क्षेत्र के ग्राम तुलसी, मिसदा, उदयभांठा, भठली, खपराडीह, खैरताल, बरगांव आदि जगहों पर सैकड़ों एकड़ पर लगी धान की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते नहर से पर्याप्त पानी नहीं मिलता है तो सैकड़ों एकड़ में लगी फसल चौपट हो जाएगी।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित 22 कर्मचारियों को दी नोटिस



प्रशिक्षण में शामिल अधिकारी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतते हुए प्रशिक्षण में नहीं पहुंचने पर चौथे दिन 22 लोगों को नोटिस जारी किया गया। उक्त कर्मचारियों को नोटिस जारी करके कारण बताने कहा गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारी कर्मचारी के अनुपस्थित रहने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहा। 4 अप्रैल को आयोजित मतदान दल के प्रशिक्षण में 22 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित कर्मचारी पाए गए। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 01 जांजगीर में 14, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में 8 कुल 22 कर्मचारी पाए गए। कुल 22 संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए है।






## खबर संक्षेप

### शहर की सुंदरता को लग रहा ग्रहण

**कोरबा।** नगर निगम ने शहर की सौंदर्यता के लिए लाखों रुपए खर्च कर जगह-जगह लाइट वाली आकर्षक आई लव कोरबा का बोर्ड लगाया गया है। लेकिन इसके देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो गई है। घंटाघर और सीएसईबी चौक पर लगाए गए बोर्ड उखड़ गए हैं। इसके अलावा फौव्वारे भी लंबे समय से बंद पड़े हुए हैं। इसके बाद भी इसके मरम्मत व दुरूस्ती पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह शहर का मुख्य मार्ग है। गौरतलब है कि पहले कुछ ही हिस्से की बोर्ड खराब थी। लेकिन जिम्मेदार ने समय पर इसके सुधार पर ध्यान नहीं दिया। इस कारण अब धीरे-धीरे यह सभी अक्षर के बोर्ड खराब और क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। यहां पहुंचे वाले लोगों को निराशा हो रही है। यह स्थिति तब है जब नगर निगम के पास क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए फंड की कमी नहीं है।

### माह ए रमजान में फलों के दाम में हुआ इजाफा

**कोरबा।** इन दिनों फलों के दाम आसमान छू रहे हैं। रमजान के दिनों में बहुतायत इस्तेमाल होने वाले फल सामान्य से दोगुने दाम में मिल रहे हैं। व्यापारी कहते हैं कि फलों के थोक दाम ही ऊंचे, फिर कैसे सस्ता बेचें। फल व्यवसायी ने बताया कि महंगाई से उनकी बिक्री काफी है। थोक भाव में ही फल काफी महंगे भाव में मिल रहे हैं इसलिए इन्हें सस्ता बेच पाना संभव नहीं है। बता दें कि इन दिनों अच्छे सेबों के भाव पिछले साल की तुलना में डेढ़ गुना लगभग 230 रुपए किलो है। केला भी 70 रुपए दर्जन के भाव से बिक रहा हैं। इसके अलावा पपीता 50 रुपए किलो और अनानास 120 रुपए नग के भाव से बिक रहा है। अंगूर 100 से 120 रूपए किलो में बिक रहा है।

### स्वीप ने रंगोली बनाओ के तहत मतदाताओं को कर रहे जागरूक



**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. जेएल चौहान स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैसमा के मार्गदर्शन में गुरुवार को स्वीप के अंतर्गत रंगोली बनाओ मतदाता जागरूकता लाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी स. प्राध्यापक दीपेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से विविध आकृति बनाकर मतदान प्रथम कर्तव्य, 7 मई को मतदान अवश्य करें, समाज के प्रत्येक वर्ग का मतदान देकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने इत्यादि का संदेश भावचित्रित किया। कार्यक्रम में निकिता कुर्रे, निशा दिवाकर, हेमलता, साधना, वैशाली, नीता, रमादेवी, प्रियंका कुर्रे, सुनिता पटेल, अरविन्द लहरे, इंद्र सिंह वाकरे, हेमपुष्पा कंवर, रामकुमार खुंटे एवं सोनिया इत्यादि ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. अर्चना दिवान, सहा. प्राध्यापक श्रीमती श्वेता शुक्ला, श्रीमती पदमिनी कटकवार, सुश्री प्रभा सोनंत, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजू सिंह कंवर, डॉ. अनुराधा तिर्की एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ शामिल रहे।

### कालोनी का निरीक्षण कर दूर की जाएगी समस्या

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा के अधिकारी जेसीसी सदस्य व वेलफेयर कमेटी ने कालोनी का निरीक्षण करेंगे। कालोनी का निरीक्षण करने के बाद दूसरे दिन उन सभी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। एसईसीएल गेवरा में कोयला उत्पादन का लक्ष्य पूरा कर लिया है। इसको देखते हुए जेसीसी सदस्यों ने प्रबंधन को बधाई दी। इस दौरान जेसीसी सदस्यों ने कालोनी की समस्याओं को भी सामने रखा। उड़ रहे धूल से लोगों को हो रही परेशानी का मामला जोर-शोर से उठाया गया। अस्पताल में पेयजल की समस्या की बात रखी गई। तब अधिकारियों ने कहा कि कालोनी का निरीक्षण कर समस्या को दूर किया जाएगा। उड़ रहे धूल को लेकर भामसं से प्रीमत राठौर के द्वारा प्रबंधन को पहले से ही पत्र लिखा गया है। अब आने वाले दिनों में पानी छिडक्राव सहित कई कार्य किए जाएगें।

### नवरात्रि के दौरान जलेंगे ज्योति कलश

**कोरबा।** अप्रैल से चैत्र नवरात्र पर्व शुरू हो रहा है। इस दौरान जिले के कई देवी मंदिरों में हजारों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। जिले में लगातार हो रही अग्नि दुर्घटनाओं को लेकर जरूरत समझी जा रही है कि मंदिरों में पर्व के दौरान अग्नि शमन से जुड़ी व्यवस्था की जाए। 9 दिन तक अखंड रूप से जलने वाले ज्योति कलश के लिए इसी परिसर में आयल और घी का भंडारण भी किया जाता है। इनकी प्रकृति अत्यंत ज्वलनशील हुआ करती है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि पिछले वर्षों में पर्व से पहले हुई बैठक में इस बारे में जरूरी दिशा निर्देश दिए गए थे।

## डोनेशन के साथ छात्रों से लेते हैं क्रीड़ा शुल्क

# निजी स्कूल फीस बढ़ाने में आगे, क्रीड़ा शुल्क पटाने में बरती जा रही कोताही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निजी स्कूल प्रबंधन प्रति वर्ष 8 प्रतिशत फीस बढ़ने में जिस तरह से तत्परता दिखाता है उतनी तत्परता शासन को क्रीडा शुल्क की राशि पटाने में नहीं दिखाता। जिसके लिए शिक्षा विभाग को बार-बार नोटिस जारी करनी पड़ती है। क्रीडा शुल्क पटाना प्रति वर्ष अनिवार्य होता है, जिसे स्कूल में प्रवेश प्रारंभ होने के बाद शिक्षा विभाग में जमा कराना पड़ता है। क्रीडा शुल्क के रूप में शिक्षा विभाग को प्रति वर्ष 7 से 8 लाख रूपये प्राप्त होते हैं। जिसके लिए उन्हें साल भर निजी स्कूल प्रबंधन की राह देखनी पड़ती है। जिले में शासकीय स्कूलों के साथ साथ 100 से अधिक निजी स्कूल संचालित हैं, जिनके द्वारा प्रति वर्ष नये शिक्षण सत्र में प्रवेश शुरू होते ही प्रत्येक छात्रों से 100 से 200 रूपये तक क्रीडा शुल्क के रूप में लिए जाते हैं। उक्त राशि में 45 प्रतिशत शिक्षा विभाग में जमा करना पड़ता है। वहीं 5 प्रतिशत विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना पड़ता है। उक्त राशि से शिक्षा विभाग शालेय खेलकूद कलेंडर के अनुसार ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक की प्रतियोगिताएं आयोजित करता है। निजी स्कूलों द्वारा डोनेशन के साथ लिए जाने वाले क्रीडा शुल्क की राशि जुलाई माह से पटाना शुरू होता है, लेकिन कई निजी स्कूल प्रबंधन इस मामले में लापरवाही बरतते हैं, जिसके लिए विभाग को नोटिस जारी करना पड़ता है। सितंबर से शालेय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो जाती है और इसके पूर्व क्रीडा शुल्क की राशि बीईओ और डीईओ ऑफिस में जमा कराना अनिवार्य होता है। जिस मामले में बड़े निजी स्कूल लापरवाही बरत रहे हैं इस सिलसिले में शिक्षा विभाग द्वारा क्रीडा शुल्क पटाने नोटिस भी जारी की जाती है। नये शिक्षण सत्र शुरू होने के पूर्व क्रीडा शुल्क पटाना अनिवार्य है। हाल ही में शिक्षा विभाग ने ऐसे स्कूलों की जानकारी ली है जो क्रीडा शुल्क पटाने में लापरवाही बरत रहे हैं।

**खास बात**

- बीईओ के साथ डीईओ ऑफिस में करना पड़ता है जमा



फाइल फोटो

### शुल्क लेने के बाद भी खेल नहीं

निजी स्कूलों में कुछ ऐसे भी हैं जो छात्रों से क्रीडा शुल्क तो लेते हैं, लेकिन प्रतियोगिता आयोजित कराने में रूचि नहीं लेते। यहां तक कि शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अपने यहां से छात्रों को भी नहीं भेजते, जिससे खेल प्रतिभाएं उभर नहीं पाती। शासन एक तरफ खेलों को बढ़ावा देने के लिए मैदान में खेल संसाधन उपलब्ध करा रहा है। वहीं दूसरी ओर निजी स्कूल प्रबंधन फीस एवं क्रीडा शुल्क बढ़ाने को लेकर सबसे आगे रहता है। छात्रों को प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु रूचि नहीं दिखाता।

### तैयार की जा रही जानकारी

निजी स्कूल प्रबंधन को क्रीडा शुल्क की राशि शिक्षा विभाग को पटाना अनिवार्य है, जो स्कूल इस मामले में लापरवाही बरत रहे हैं उनकी जानकारी तैयार की जा रही है। पूर्व में ऐसे स्कूल प्रबंधन को नोटिस भी जारी की जा चुकी है। शिक्षण सत्र शुरू होते ही क्रीडा शुल्क पटाने हेतु निजी स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए जाएंगे।
**- टीपी उपाध्यायजिला शिक्षा अधिकारी**



पीजी कॉलेज हॉस्टल।

## पांच साल से कॉलेज के हॉस्टल बनकर हैं तैयार, अब तक नहीं हुए शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उच्च शिक्षा के लिए शहर के दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्रओं के लिए कॉलेज में बनाए गए हॉस्टल आज तक उनको इसकी उपलब्ध नहीं मिल सकी है। पांच साल पूर्व बने शहर के पीजी कॉलेज एवं मिनीमाता कॉलेज के हॉस्टल प्रबंधन को हैंडओव्हर ही नहीं हुए हैं। वहीं कटघोरा क्षेत्र में बना हॉस्टल खंडहर में तब्दील हो गया है। यहां भी पाली और पोड़ी-उपरोड़ा के छात्र उच्च शिक्षा के लिए कटघोरा आते हैं।

ग्रामीण अंचलों से उच्च शिक्षा के लिए शहर आने वाले छात्रों को हॉस्टल की सुविधा न मिलना एक बड़ी समस्या के रूप में छात्र छात्राओं के सामने आया है। पांच वर्ष पूर्व 64 लाख की लागत से पीजी कॉलेज में 50 सीटर एवं 2 करोड़ 72 लाख की लागत से 100 सीटर छात्रावास का निर्माण वर्ष 2017 में किया गया था। दोनों ही छात्रावास अब तक कॉलेज प्रबंधन को अब तक हैंडओव्हर नहीं हुए हैं, जबकि भवन का निर्माण को हुए 5 साल बीत गए और अब वह भी रखरखाव के अभाव में अपनी शक्ल सूरत खो रहे हैं। अगर जल्द ही उनके संचालन पर कोई योजना तैयार नहीं हुई तो करोड़ों की लागत से बने दोनों छात्रावासों का हालत भी निगम के वार्डों में बने भवनों की तरह हो जाएंगे।, जो शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों के अड्डा बन जाते हैं।

## उत्पादन कंपनी का डीएसपीएम संयंत्र देश के टॉप 3 संयंत्र में हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसी भी विद्युत संयंत्र के लिए प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) बहुत मायने रखता है। बेहतर पीएलएफ के परिणामस्वरूप प्रति यूनिट ऊर्जा की लागत कम होती है। खत्म हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के डीएसपीएम संयंत्र ने सर्वाधिक पीएलएफ अर्जित करने वाले देश के टॉप तीन विद्युत संयंत्रों में शामिल हो गया है।

छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 500 मेगावाट क्षमता वाले डीएसपीएम संयंत्र में 250 मेगावाट की दो इकाईयां प्रचालन पर है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में डीएसपीएम ने 92.73 प्रतिशत पीएलएफ अर्जित कर पूरे देश में तीसरा स्थान बनाया है। पीएलएफ के मामले में डीएसपीएम से पूरे देश में दो संयंत्र आगे हैं। पूरे देश में टॉप पर मध्यप्रदेश राज्य सरकार का अमरकंटक विस्तार थर्मल पॉवर स्टेशन है। 210 मेगावाट क्षमता वाले इस संयंत्र ने सर्वाधिक 97.80 प्रतिशत पीएलएफ अर्जित किया है। दूसरे नम्बर पर मध्यप्रदेश में ही स्थित निजी क्षेत्र के सासन अल्ट्रा मेगा पॉवर प्लांट रहा है। रिलायंस समूह के 3960 मेगावाट क्षमता वाले इस संयंत्र ने 93.52 प्रतिशत पीएलएफ अर्जित किया है। छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी तीन संयंत्रों की कुल क्षमता 2840 मेगावाट है। वित्तीय वर्ष 2023- 24 में कंपनी ने 18200 मिलियन यूनिट के लक्ष्य के मुकाबले 21068.13 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया। कंपनी का औसत प्लांट लोड फैक्टर 84.45 प्रतिशत रहा। यह पीएलएफ देश में स्थित 33 स्टेट सेक्टर की पॉवर कंपनियों में सर्वाधिक है। यानी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी ने पीएलएफ के मामले में देश में टॉप किया।

**खास बात**

- डीएसपीएम संयंत्र ने हासिल किया 92 .73 प्रतिशत पीएलएफ



फाइल फोटो

### क्या है प्लांट लोड फैक्टर

लोड फैक्टर को किसी निश्चित अवधि के औसत लोड और उस अवधि में होने वाली अधिकतम मांग (पीक लोड) के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है। दूसरे शब्दों में, लोड फैक्टर घंटों की एक निश्चित अवधि में खपत की गई ऊर्जा और उस विशेष अवधि के दौरान होने वाले चरम लोड का अनुपात है। लोड फैक्टर का मतलब है कि हम कितनी कुशलता से ऊर्जा का उपयोग करते हैं। यह किसी निश्चित अवधि के दौरान विद्युत ऊर्जा के उपयोग से लेकर उस अवधि में उपयोग की गई अधिकतम ऊर्जा तक का माप है। लोड फैक्टर प्रति यूनिट उत्पादन की लागत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लोड फैक्टर जितना अधिक होगा, समान अधिकतम मांगों के लिए उत्पादन लागत उतनी ही कम होगी। ऊर्जा के संबंध में लोड फैक्टर, दिनों, सप्ताहों, महीनों या वर्षों में घंटों की संख्या के आधार पर हम विभिन्न लोड कारकों को परिभाषित करते हैं। दैनिक लोड फैक्टर के लिए, अवधि टी को 24 घंटे के रूप में लिया जाता है। इसी प्रकार, सप्ताहों, महीनों और वर्षों के लिए का अलग-अलग मान लिया जाता है।

### विचारों से ही न्याय और शांति कायम की जा सकती : पवन

**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कोरबा के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने कहा कि आज मानवीय मूल्यों की लड़ाई सबसे बड़ी लड़ाई बन गई है। वर्तमान समय में क्रांतिकारी शहीदों के विचारों और मूल्यों को बचाने की सबसे बड़ी जरूरत है।

## लोकतंत्र व संविधान को खतरे से बचाने यह चुनाव महत्वपूर्ण : महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक, मणिपुर से मुंबई तक न्याय यात्रा की। इस दौरान जो अनुभव उन्होंने किया उसे न्याय पत्र के रूप में सामने रखा गया है। न्याय पत्र हमारा संघर्ष है, हमारी तपस्या है और हमारा संकल्प है जिससे हम सब बंधे हैं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस इस घोषणा न्याय पत्र के साथ आम जनता के सामने स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित करने चुनावी मैदान में उतरेगी। वर्ष 2019 के घोषणा पत्र में हमने जो बातें कही थी, चूंकि हमारी सरकार नहीं बन सकी तो वह घोषणा पत्र पूरा का पूरा हमने इस न्याय पत्र में शामिल किया है, जो यथावत माने जाएंगे और इन्हें पूरा करने की हम प्रतिबद्धता जाहिर करते हैं।

उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने तिलकभवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही।

इस दौरान डॉ महंत ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव का न्याय पत्र 2024 का विमोचिन किया। डॉ. महंत ने न्याय पत्र में शामिल 5 न्याय और 25 गारंटियों की जानकारी दी। घोषणा पत्र में युवाओं को 30 लाख नौकरियां, गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना, किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी, जातिगत जनगणना, इसके आधार पर आरक्षण, आरक्षण से 50 प्रतिशत की सीमा हटाने, अग्निवीर योजना बंद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और आर्थिक बिंदुओं पर जो देखा उसे घोषणा पत्र में लाया है और उन्हें पूरा किया जाएगा। हमने घोषणा पत्र में आदिवासियों के हित की भी बात कही है और निश्चित ही वे हमारे साथ आएंगे। यह घोषणा पत्र क्षेत्र विशेष नहीं बल्कि भारत की जनता के प्रति विशेष है। देश का संविधान जो हमारी जीवन रेखा है उस पर खतरा मंडरा रहा है। देश में स्वस्थ लोकतंत्र व संविधान को खतरे से बचाने के लिए यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है और प्रत्येक व्यक्ति अपने मत का उपयोग करे। डॉ. महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पिछले चुनाव से इस बार काफी मजबूत स्थिति में है, हम कोरबा लोकसभा में भी बढ़त हासिल कर पुराने रिकॉर्ड को आगे बढ़ाएंगे। घोषणा न्याय पत्र विमोचन के अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, शहर अध्यक्ष सपना चौहान, सभापति श्यामसुंदर सोनी भी उपस्थित थे।




घोषणा पत्र जारी करते नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत एवं अन्य कांग्रेसी।

**खास बात**

- न्याय पत्र के साथ स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित करने चुनावी मैदान में उतरेगी कांग्रेस
- नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने जारी किया कांग्रेस का घोषणा पत्र-न्याय पत्र 2024

### दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** थाना पसान क्षेत्र अंतर्गत सीपतपारा पिपरिया निवासी पीडिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 29 मार्च के 3 बजे के आसपास पीड़िता अपनी दीदी के साथ पिपरिया बाजार गई हुई थी तभी ग्राम कटकोना निवासी नंदकुमार मार्को अपनी मोटर सायकल को बाजार में रोककर पूछा कि सीपतपारा मोहल्ला जा रहे हो मेरी गाडी में बैठों छोड दूंगा कहने पर पीड़िता बैठ गयी। आरोपी नंदकुमार मार्को ने पीड़िता को सीपतपारा मोहल्ला न ले जाकर बेलकामार जंगल पिपरिया ले गया और वहां पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर जबरन बलात्कार के घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 376, 294, 506, 323 भादवि कायम किया गया।

### ईश्तहार

प्रथम पक्षकार/विक्रेता- हरिप्रसाद उम्र 48 साल पिता स्व. रामलाल जाति सतनामी ग्राम तुलसी तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)।
द्वितीय पक्षकार / क्रेता- श्रीमती गिरजा रात्रे पति श्री रामलाल रात्रे जाति सतनामी ग्राम तुलसी तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ।
कैफियत : - विक्रेता हरिप्रसाद पिता स्व. रामलाल के नाम से ख.नं. 35 रकबा 0.37 एकड़ व ख.नं. 1466 रकबा 0.10 एकड़ भूमि ग्राम तुलसी प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. मिस्दा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) में स्थित है जिसका ऋण पुस्तिका क्र.- पी-2720315 है। जिसका बिक्री हो गया है और रजिस्ट्री दिनांक 15/04/2024 को उप पंजीयक कार्यलय नवागढ़ में होना है, जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वह पंजीयन के पूर्व नीचे लिखे पते पर आपत्ति पेश करें।
दिनांक :- 06.04.2024
**श्री रोहित बंजारे**
**अधिवक्ता नवागढ़**
**जिला जॉजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**मो. नं. -9691076798, 7987761440**

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी)
प्लाई, सनमाईका, सेन्टिग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान, रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता हैं।
संबंधित प्रतिष्ठान
सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बॉझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
• सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, एम्बुलेंस सुविधाए
• दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व सॉस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगु,
• तेज धड़कन, लकवा/ पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
सुविधाएं
➡ सोनोग्राफी ➡ एक्स-रे ➡ वेंटीलेटर
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
सुविधाएं
➡ एक्स-रे, पैथोलैब, ➡ फार्मेसी ➡ आधुनिक सुविधाए
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
सर्जिकल आई.सी.यू. फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आर्पेडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज़ हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
• मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

6- April Janj -Bhoomi pg 3_Layout 1 4/6/2024 9:44 PM Page 1





# नई फिल्म की पहली झलक से उठा पर्दा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव अपनी एक्टिंग से लगातार लोगों का मनोरंजन करते आए हैं। एक्टर लंबे वक्त से बड़े पर्दे से दूर थे, लेकिन अब उन्होंने दमदार वापसी की तैयारी कर ली है। राजकुमार राव भी अब बायोपिक के साथ आ रहे हैं, जिसमें वो एक इंस्पायरिंग रियल लाइफ कहानी दिखाएंगे। एक्टर की अपकमिंग फिल्म का नाम 'श्रीकांत' है। राजकुमार राव ने फिल्म 'श्रीकांत' से अपने करिदार की झलक दिखाते हुए फिल्म के ऐलान के साथ ही रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। उन्हेंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'एक यात्रा जो आपको अपनी आंखें खोलने के लिए प्रेरित करेगी!

लाइफ Style

# रश्मिका मंदाना


## 'पुष्पा 2' की श्रीवल्ली का पहला लुक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'पुष्पा 2: द रूल' 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना एक बार फिर इस फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। 'पुष्पा 2' की रिलीज का लोगों को लंबे समय से ब्रेसबी से इंतजार है।

'पुष्पा 2' के मेकर्स 8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर फिल्म का पहला टीजर रिलीज करने का ऐलान कर चुके हैं, लेकिन इसके पहले नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना के बर्थडे पर श्रीवल्ली के फैंस को सरप्राइज मिल गया। सोशल मीडिया पर रश्मिका मंदाना का 'पुष्पा 2' से पहला लुक शेयर कर दिया है। श्रीवल्ली का ये धाकड़ लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

'पुष्पा 2' के इस पोस्टर में रश्मिका, श्रीवल्ली के किरदार में बहुत ही दमदार लुक में लुक दिखा रही हैं। रश्मिका मंदाना ने हरी साड़ी, मांग में सिंदूर, हाथों में हरी-लाला चूड़ी पहने दिखाई दे रही हैं। वहीं कमरबंद, नाक की नथ और गले में मंगलसूत्र के साथ हार पहने हुए एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना बहुत खूबसूरत लग रही हैं। इस लुक को एक्ट्रेस ने लाल बिंदी, आंखों में काजल, न्यूड लिपस्टिक और बालों का जुड़ा बनाना से पूरा किया है। 'पुष्पा 2' के इस पोस्टर के साथ फिल्म के टीजर रिलीज की एक बार फिर घोषणा की गई है, जो 8 अप्रैल को रिलीज होगा। इससे पहले मेकर्स ने 'पुष्पा 2' की ओटीटी रिलीज की भी घोषणा की थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस बात की जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। वहीं सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का लुक लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।



## हॉलीवुड मसाला



# फिल्म 'ड्यून 3' का ऐलान

लॉस एंजिलिस। टिमोथी चालमेट और जेंडाया अभिनीत फिल्म 'ड्यूनः पार्ट टू' बॉक्स ऑफिस पर कमाल रही है। निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे की इस फिल्म को दर्शकों का प्यार मिल रहा है। पूरी दुनिया में टिमोथी चालमेट की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। वहीं अब 'ड्यूनः पार्ट टू' की सफलता के बाद निर्देशक ने इस फिल्म के अगले भाग के निर्माण की घोषणा की है। टिमोथी चालमेट की आगामी फिल्म 'ड्यून 3' का निर्माण हो रहा है। निर्देशक विलेन्यूवे ने खुद इसकी आधिकारिक घोषणा की है।




# जैकी चैन की फिल्म 'कराटे किड' का निर्माण शुरू

**लॉस एंजिलिस।** सोनी पिक्चर्स ने अपनी नई फिल्म कराटे किड की घोषणा करते हुए इसका निर्माण भी शुरू कर दिया है। यह फिल्म इस फ्रेंचाइजी की छठवीं फिल्म है। राल्फ मचियो इस फिल्म में डैनी लारूसो की अपनी भूमिका फिर से निभाते नजर आएंगे। 2010 की फिल्म कराटे किड रीमेक में जैकी चैन मिस्टर हान की भूमिका में दिखाई दिए थे। वह अपनी भूमिका में फिर से नजर आएंगे। दर्शकों को इस फ्रेंचाइजी के अगले पार्ट का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म का प्रोडक्शन शुरू होने के साथ ही तस्वीरों में फिल्म कराटे किड के लोगो की झलक भी देखने को मिली। अभिनेता बेन वांग इसमें अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। बेन वांग के फिल्म में होने की घोषणा के बाद ही मेकर्स ने गुरुवार को बड़ा अपडेट साझा किया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी पहले ही खुलासा हो चुका है।



# ट्विंकल ने अक्षय पर सरेआम मारा ताना

**मुंबई।** बॉलीवुड के पावर कपल ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार दोनों ही साथ में परफेक्ट लगते हैं। सालों से दोनों एक-दूसरे के साथ मौजमस्ती करते नजर आया करते हैं। सोशल मीडिया पर दोनों ही काफी एक्टिव हैं। जहां अक्षय कुमार अपने वीडियोज से लोगों को हंसाने में नहीं चूकते वहीं ट्विंकल खन्ना भी कभी फनी तो कभी सामाजिक मुद्दों पर बात करती नजर आती हैं। ट्विंकल खन्ना ने एक वीडियो साझा किया है। सामने आए इस वीडियो में वो और अक्षय कुमार दोनों ही नजर आ रहे हैं। दोनों किसी शादी फंक्शन के लिए तैयार हो रहे हैं और दोनों ने बेज कलर के कपड़ों में ट्विनिंग भी की है। जहां ट्विंकल खुद को निखारने और संवारने में लगी हैं, वहीं अक्षय कुमार उनके पीछे उछल-कूद करते दिख रहे हैं।



# टूटे दिल की दास्तान है 'अंख दा तारा'

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। अभिनेता कई चर्चित गाने गा चुके हैं। एक बार फिर वह अपनी सुरीली आवाज के साथ हाजिर हुए हैं। आयुष्मान का नया गाना 'अंख दा तारा' आज जारी हो गया है। संगीत प्रेमियों से इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। आयुष्मान कई फिल्मों में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेर चुके हैं। अब वे अपना एक नया पंजाबी गाना लेकर आए हैं। 'अंख दा तारा' गाने को आज यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में टूटे दिल की दास्तान को एक अनोखे अंदाज में दिखाया गया है। अभिनेता ने लिखा, ''मेरी 'अंख दा तारा' आप हो'। फैंस को आयुष्मान का यह गाना बेहद पसंद आ रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'मुझे लगातार सुनने के लिए एक नया गाना मिल गया है'।

## टीवी मसाला



# संस्कारी बहू 'रूही' ने पार की सारी हदें, बोल्ड अवतार देख दंग हुए लोग

**मुंबई।** प्रतीक्षा होनमुखे इस वक्त काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। प्रतीक्षा का सफर हाल ही में टीवी के हिट शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से खत्म हुआ है। इस शो में प्रतीक्षा ने रूही का रोल प्ले किया था, लेकिन हाल ही में उन्हें इस शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। प्रतीक्षा होनमुखे अपने काम के साथ ही सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वहीं, ये रिश्ता क्या कहलाता है' से बाहर होने के बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस का बोल्ड अवतार देखने को मिल रहा है। इस वीडियो में प्रतीक्षा मिरर के सामने खुद ही अपना वीडियो शूट करती दिख रही हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी संस्कारी बहू की इमेज से बाहर आते हुए बोल्ड अवतार दिखाया है। वीडियो में प्रतीक्षा के ब्रालेस लुक ने आग लगा दी है। इस दौरान एक्ट्रेस ने शॉर्ट ड्रेस पहनी है, जिसका नेक फ्रंट से काफी डीप और ओपन है। वहीं, उनके ओपन और फ्रिजी हेयर उनके लुक को और भी सेक्सी बना रहा है। वीडियो में प्रतीक्षा का एटीट्यूड देखने लायक है। इस वीडियो के साथ प्रतीक्षा ने कैप्शन में लिखा, 'गर्मियों से भी ज्यादा गर्मी?'

# अनुपमा का टूटा हाथ, अब क्या हो जाएगी कॉम्पटीशन से बाहर

**मुंबई।** अनुपमा शो में अब तक आपने देखा कि अनुपमा, कुकिंग कॉम्पटीशॉन के लिए सेलेक्ट हो जाती है। वहीं अनुज से शादी करने के लिए अब श्रुति बेताब है और वह कुछ भी करने को तैयार है। अब अनुपमा डांस प्रैक्टिस करते हुए गिर जाती है और उसके हाथ में फ्रेकचर हो जाता है। अनुपमा फिर भी कॉम्पटीशन के लिए जाती है। लेकिन वहां तीनों में से एक जज अनुपमा को मना कर देता है। वह कहता है कि तुम नहीं करोगी पार्टिसिपेट और चले जाओ। अनुपमा लेकिन वहां से जाती नहीं है और कहती है कि वह हिस्सा लेगी और अपने लेफ्ट हाथ से खाना बनाएगी। वह पहले भी लेफ्ट हाथ से खाना बना चुकी है। अनुपमा कहती है कि



औरतों को मुश्किलें बहुत मिलती हैं, लेकिन मौके बहुत कम। मुझे इतना बड़ा मौका मिला है। पूरी दुनिया के सामने अपना हुनर दिखाने का। मैं जानती हूं ये आसान नहीं होगा। कई लोग मुझे हराना चाहेंगे, इस कॉम्पटीश ने से बाहर करना चाहेंगे, लेकिन मैं हारने वाली नहीं हूं क्योंकि अगर मैं हार गई तो ये हार सिर्फ मेरी नहीं होगी। हर उस औरत की होगी जो रसोई से कभी बाहर ही नहीं निकल पाई।

# माधुरी दीक्षित का थ्रोबैक वीडियो हुआ वायरल



**मुंबई।** माधुरी दीक्षित और उनके पति डॉ. नेने की शादी को कई साल हो चुके हैं और उनके दो प्यारे बच्चे अरिन नेने और रयान नेने हैं। माधुरी दीक्षित-श्रीराम नेने को कई बार साथ में इवेंट और बी टाउन की पार्टी में स्पॉट किया जा चुका हैं और इसमें कोई शक नहीं की दोनों बहुत ही प्यारे कपल हैं। बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' का एक थ्रोबैक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अपने पति नेने संग एक पॉपुलर इंग्लिश गाना गाते नजर आ रही हैं। लोगों को ये वीडियो बहुत पसंद आ रहा है। वीडियो में माधुरी दीक्षित सजी-धजी सूट पहने हुए बहुत सुंदर लग रही हैं। वहीं कुछ ही देर में एक्ट्रेस के पति नेने भी अपनी पत्नी के साथ ये गाना गाते दिखाई देते हैं। कपल हमेशा की तरह स्टाइलिश लुक में नजर आ रहे थे।

# दिशा पटानी ने साझा कीं 'कल्कि 2898 एडी' की शूटिंग की तस्वीरें





मुंबई। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को लेकर दर्शकों के बीच काफी दिनों से उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म के छोटे-से-छोटे अपडेट पर प्रशंसक अपनी नजर बनाए हुए हैं। इस फिल्म में अभिनेता प्रभास का दमदार किरदार देखने को मिलेगा। हाल ही में अभिनेत्री दिशा पाटनी ने प्रभास के साथ कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जो इस फिल्म से जुड़ी हैं। फिल्म की अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शूटिंग से जुड़ी तस्वीरें दर्शकों के साथ साझा की हैं। दरअसल, साल 2024 की शुरुआत में एक खबर आई थी कि प्रभास और दिशा पाटनी फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। दिशा ने जो तस्वीरें साझा की हैं, वह उसी गाने की शूटिंग की है। तस्वीरों में दिशा अपने सह कलाकार प्रभास के साथ खड़ी दिखाई दे रही हैं। एक तस्वीर में वे मेकअप कलाकारों से मेकअप कराती दिख रही हैं।

# टीवी की इन मशहूर अभिनेत्रियों ने अब तक नहीं की शादी



मुंबई। छोटे पर्दे की अभिनेत्रियों लोकप्रियता के मामले में फिल्मों की हीरोइनों से पीछे नहीं है। टीवी बहुत सी एक्ट्रेस ने अपनी अदाकारी के दम पर घर-घर में खास पहचान बनाई है। संस्कारी बहुओं का रोल निभाकर शोहरत की बुलंदियों तक पहुंचने वाली इन अभिनेत्रियों में से कई ऐसी भी हैं जो असल जीवन में अविवाहित हैं।

### शिल्पा शिंदे

इस लिस्ट में पहला नाम भाभीजी घर पर हैं फेम अभिनेत्री शिल्पा शिंदे का है। वे छोटे पर्दे की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं। 40 के पार जा चुकी शिल्पा अब तक अविवाहित हैं। अभिनेत्री की सगाई रोमित राज से हुई थी, लेकिन बाद में दोनों ने अपनी राहें जुदा कर लीं।



### हिना खान

धारावाहिक ये रिश्ता क्या कहलाता है से हिना खान ने घर-घर में खास पहचान बनाई। इस सीरियल में वे संस्कारी बहू के रूप में नजर आई थीं। हालांकि, असल जीवन में उन्होंने अब तक शादी नहीं की है। हिना काफी समय से रॉकी जायसवाल के साथ रिलेशनशिप में हैं।



### साक्षी तंवर

टीवी सीरियल बड़े अच्छे लगते हैं में अपनी अदाकारी से लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस साक्षी तंवर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। वे अब तक कई धारावाहिकों, फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर चुकी हैं। उन्होंने एक बेटी को गोद लिया है और सिंगल पेरेंट के तौर पर उसका पालन-पोषण कर रही हैं।

### नेहा मेहता

नेहा मेहता को तारक मेहता का उलटा चश्मा की वजह से खूब लोकप्रियता हासिल हुई। इस सीरियल में उन्होंने अंजलि का किरदार निभाया था। उनके रोल को काफी पसंद किया गया था। साल 1973 में जन्मी नेहा ने अब तक शादी नहीं की है।





# दर्शकों पर जादू चलाने को तैयार आलिया

**मुंबई।** आलिया भट्ट बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपने अभिनय के दम पर अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हैं। अभिनेत्री अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। इस बार आलिया निर्देशिका गुरिंदर चड्ढा की आने वाली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया भट्ट अब एक ऐसे नए अवतार में दिखाई देंगी। जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। खबरों की मानें तो इंडो-ब्रिटिश फिल्म निर्देशक गुरिंदर चड्ढा की फिल्म में प्रिंसेस के रोल के लिए आलिया भट्ट का नाम फाइनल कर लिया गया है। इस फिल्म की शूटिंग 2025 जून में शुरू हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म में अभी तक सिर्फ आलिया भट्ट का नाम ही शामिल हुआ है। बाकी स्टारकास्ट को फिल्म की कहानी के पूरा होने के बाद ही तय किया जाएगा। हालांकि अपनी इस फिल्म के लिए शुरू से ही गुरिंदर की पहली पसंद आलिया ही थीं।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग महिलाओं को सम्मानित करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने लिया संकल्प



**सक्ती।** स्वीप कार्यक्रम के तहत महिला बाल विकास विभाग जिला सक्ती में मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। अनिवार्य मतदान एवं सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यकम स्वीप के तहत कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में महिला बाल विकास विभाग के समस्त परिक्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर संकल्प लिया गया। इसी के तहत महिला बाल विकास अधिकारी सूर्यकांत गुप्ता एवं परियोजना अधिकारी श्रीमती श्याम कंवर के मार्गदर्शन में रगजा परिक्षेत्र की सुपरवाइजर कु.तानिया सिंह द्वारा अपने परिक्षेत्र के ग्राम रगजा एवं ग्राम परसदा खुर्द में कार्यक्रम आयोजित कर बुजुर्ग महिलाओं को सम्मानित करते हुए अपने परिक्षेत्र के आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के साथ शत प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लिया गया।

### जनपद प्राथमिक शाला में बेगलेस डे पर चोटी सजाओ प्रतियोगिता



**बलौदा।** सुरक्षित शनिवार बेगलेस डे पर जनपद प्राथमिक शाला चारपारा में छात्राओं के लिए चोटी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पंद्रह छात्रों ने भाग लेकर आकर्षक तरीके से चोटी सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संजना ने प्रथम, निधि द्वितीय, प्राची तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक पुरुषोत्तम कश्यप, मनोज घृतलहरे,सुप्रिया महिलाने, सुरेश महंत रहे। प्रधान पाठक नरेश गुरूद्वान ने शरीर की सफाई के साथ-साथ बालों की सफाई व उसके विकास के लिए बालों में नियमित तेल लगाने व सप्ताह में एक बार शेम्पु से धुलाई करने व पौष्टिक आहार लेने की जानकारी दी, जिससे असमय बालों का पकना रोका जा सके। राजेंद्र थवाईत ने भी स्वच्छता पर प्रकाश डाला।

### गौसिया मस्जिद में विशेष नमाज तरावीह के बाद इफ्तार पार्टी



**जांजगीर-चांपा।** रमजान के पाक महीने में पुरानी बस्ती जांजगीर के वार्ड नं. 11 में स्थित गौसिया मस्जिद में विशेष नमाज तरावीह के बाद वार्ड नं-10 के पूर्व पार्षद रमेश सोनवानी के द्वारा रोजदारों को इफ्तार कराया गया। इस मौके पर मस्जिद के पेश इमाम हजरत मेकाईल रिजवी, फरीद खान, आरिफ खान, शाहिद खान, सलीम खान, शरीफ कुरैशी, मेहराब खान, शेख रियासत, रसूल खान, राजू खान, जावेद कुरैशी, अनवर खान, राजा सिद्दीकी, रशीद खान, गुलाम खान, रोशन खान, रहमान खान, माजिद खान, रहमत खान, हयात खान, आबिद खान, मुबारक खान, रेहान खान, मिर्जा रिजवान, नासिर खान, सोहेल खान, रफीक खान, हसन कुरैशी, सज्जाद आलम, यंग कमेटी मेम्बर शहबाज खान, मो.जरकानी एवं वार्ड नं. 10 के लोग उपस्थित रहें। इस मौके पर सभी लोगों द्वारा अमन व शांति की दुआ की गई।

### कलेक्टर ने बीईओ, समन्वयक, प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयको की ली बैठक

# बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कराएं बेहतर तैयारी : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर ने बीईओ, समन्वयक, प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयको की बैठक ली। उन्होंने स्कूली बच्चों को नवोदय, सैनिक स्कूल, एनआईटी, आईआईटी, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओ की बेहतर तैयारी कराने के निर्देश दिए। साथ ही शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने शनिवार 6 अप्रैल को ऑडिटोरियम में समस्त विकासखण्ड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शिक्षकों से कहा कि स्कूलों के विद्यार्थियों को नवोदय, सैनिक स्कूल, एनआईटी, आईआईटी, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओ की बेहतर तैयारी कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, समन्वयक, प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयको को मतदाता जागरूकता के तहत शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई। कलेक्टर श्री छिकारा ने स्कूल स्तर, संकुल स्तर विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बोलेगा बचपन के माध्यम से बच्चों की प्रतिदिन आयोजित गतिविधियों को कराने, विनोबा एप में शत प्रतिशत शिक्षको का पंजीयन और संकुल शैक्षिक समन्वयक के माध्यम से संकुल स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन करने कहा। बैठक में आरटीई प्रवेश के संबंध में चर्चा की गई। उत्कृष्ट जांजगीर नवीन सत्र की तैयारी करते हुए समय पर कोर्स पूर्ण करने कहा। उन्होंने मासिक टेस्ट, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश वितरण, जाति प्रमाण में आने वाले कठिनाईयो के निराकरण, समर कैम्प आयोजित करने कहा। इस दौरान शिक्षकों से शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी लिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव, डीईओ अश्वनी कुमार भार्गव, जिला मिशन समन्वयक राजकुमार तिवारी सहित संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक मौजूद रहे।



बैठक में बीईओ,समन्वयक, प्राचार्य व संकुल शैक्षिक समन्वयकों को निर्देश देते कलेक्टर।

### गीत-कविता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का होगा आयोजन

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत गीत-कविता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां जिला प्रशासन के सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम को टैग कर डिस्क्रिप्शन अथवा कैप्शन में अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ पोस्ट करें। प्रतिभागी अपने गीत अथवा कविता को वीडियो के माध्यम से भी जिला प्रशासन को टैग कर पोस्ट कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता हेतु शर्तें प्रतिभागी गीत व स्लोगन दोनों प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। गीत, कविता अथवा स्लोगन किसी भी राजनीतिक पार्टी से संबंधित नहीं होनी चाहिए। प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 20 अप्रैल निर्धारित है। प्रतियोगिता में सिर्फ जांजगीर-चांपा जिले के निवासी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए जिला स्वीप समिति का निर्णय ही अंतिम और सर्वमान्य होगा।



बैठक में जानकारी देते मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आदिले।

## कम मतदान वाले ग्राम पंचायतों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

■ मनरेगा मजदूरों व 80 वर्ष के ऊपर के मतदाताओं को प्रेरित करने निर्देश

मालखरौदा ब्लॉक के कम मतदान वाले ग्रामो में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कार्ययोजना के लिए सचिवों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों के मजदूरों व 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओ को मतदान में भाग लेने हेतु प्रेरित करने कहा गया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 5 अप्रैल को कम मतदान वाले ग्रामो में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कार्ययोजना पर जनपद पंचायत मालखरौदा में ग्राम पचायत के सचिवों की बैठक जनपद सभाकक्ष में लिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी के आदिले द्वारा मनरेगा अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों के मजदूरो को भी मतदान में भाग लेने हेतु ज्यादा से ज्यादा प्रेरित करने, 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओ को मतदान में भाग लेने हेतु प्रेरित करने कहा गया। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार विभिन्न गांवों में लगातार रंगोली के माध्यम से तथा नुक्कड़ सभा आयोजित कर मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने की बात कही। श्री आदिले ने बताया की ग्राम पचायत छपोरा में 9 अप्रैल को कलश यात्रा एवं मतदाता शपथ का आयोजन रखा गया है। बैठक में जनपद के समस्त करारोपण अधिकारी, तकनीकी सहायक, सर्व सचिव, रोजगार सहायक, समस्त जनपद स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नगर में इस वर्ष राम नवमीं उत्सव पर निकलेगी जीवंत झांकी



■ अयोध्या की तर्ज पर निकलने वाली भगवान श्रीराम की जीवंत झांकी होगी आकर्षण का केन्द्र

**चांपा।** स्थानीय श्रीराम नवमीं महोत्सव आयोजन समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम जी का महापर्व श्रीराम नवमीं भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस हेतु गत 3 अप्रैल को स्थानीय छत्रपति शिवाजी खेल सभागृह में आयोजन समिति से जुड़े लोगों की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें राम नवमीं का पर्व उल्लास पूर्वक परांपरानुसार धूमधाम से मनाये जाने के लिए जरूरी चर्चा कर निर्णय लिये गये। संपन्न बैठक में यह तय किया गया कि 17 अप्रैल को श्रीराम नवमीं के पावन अवसर पर शहर में पैदल भव्य शोभायात्रा रेलवे स्टेशन के पास टैक्सी स्टैण्ड स्थित श्रीराम मंदिर से शाम 4 बजे नगर में निकाली जाएगी। शोभायात्रा को भव्य बनाने नगर की महिलाएं, पुरूष तथा बच्चें पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। शोभायात्रा के दौरान डीजे और कर्मा नर्तक दल की विशेष व्यवस्था होगी। इस बार भगवान श्रीराम की अयोध्या पुरी को समर्पित जीवंत झांकी शोभायात्रा के दौरान लोगो के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहेगी। इसमें दस देवी - देवता तथा श्रीराम दरबार का चित्रण किया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान शहर को भगवा झंडों से सजाया जाएगा। शोभायात्रा रेलवे स्टेशन से निकलकर बरपाली चौक, थाना चौक, सुभाष चौक, सदर बाजार, समलेश्वरी चौक, कदंब चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल परशुराम चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर विसर्जित होगी। यहां भगवान श्रीराम की महाआरती के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## माता कर्मा की त्याग, सेवा, भक्ति और समर्पण अनुकरणीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

■ दीपावली की तरह घरों में जलाया दीप, की पूजा-अर्चना

ग्राम बिर्रा के साहू मोहल्ला में आयोजित श्री अखंड नवधा रामायण के सप्तम दिवस एवं भक्त माता कर्मा जयंती पर क्षेत्रीय विधायक बालेश्वर साहू शामिल हुए। इस मौके पर परिवार के साथ साहू समाज के लोगों ने घरों में भी माता कर्मा की पूजा-अर्चना की।

समाज के लोगों ने दीपावली की तरह घरों में भी दीप जलाकर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान लोगों ने माता कर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया व फूलों से श्रृंगार कर खिचड़ी भोज का प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि माता कर्मा सेवा, त्याग, भक्ति और समर्पण की देवी है। भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन माता कर्मा ने अपना पूरा जीवन सामाजिक और धार्मिक कार्य में समर्पित किया। भक्त माता कर्मा की कृष्ण भक्ति अनुकरणीय रही है, इसलिए आज पूरे जिलेभर और राज्य भर में माता कर्मा की जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। इसी तरह गीता प्रसाद तिवारी, लोकेश साहू, रितेश रमण सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रमेश साहू ने किया। इस अवसर पर भोला साहू, हेमंत साहू, फिरत साहू, यशोदा साहू,गोरेलाल साहू, दूजराम कश्यप, देवचंद यादव, रामप्रसाद साहू, एकादशिया साहू, रमेश साहू, शंभू साहू, शिव प्रसाद साहू, बल्दू साहू, बजरंग साहू , हेमंत साहू,बैगा साहू, कृष्णा साहू, , संजू साहू, मनोज साहू, रोहित साहू, मोहन साहू, महेश साहू, मिलन साहू, विष्णु साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्गों के अलावा ग्रामवासी उपस्थित थे।



पूजा अर्चना करते विधायक बालेश्वर साहू एवं समाज के लोग।

### मनाई गई संत माता कर्मा की जयंती

**तुस्मा।** धार्मिक नगरी शिवरीनारायण स्थित भक्त माता कर्मा आश्रम में संत शिरोमणि एवं साहू समाज की कुल देवी भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में जिला महामंत्री एवं संत माता कर्मा आश्रम समिति शिवरीनारायण के अध्यक्ष बोधराम साहू, जिला सचिव शिवकुमार साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला साहू, परिक्षेत्र सचिव भुपेंद्र साहू, सहसचिव सन्नी साहू, ग्राम अध्यक्ष मोहन लाल साहू, खीखराम साहू, दिलहरण साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे।



## भगवत सेवा को समर्पित करने के लिए परोपकार जरुरी : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बंगला चौक सिवनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के 5वें दिन ब्यास आचार्य ने बाल लीला प्रसंग सुनाई। ब्यासपीठ पर विराजमान पं. अशोक तिवारी ने कहा कि मनुष्य के जीवन में भोग की नहीं अपितु भगवान की ही प्रधानता होनी चाहिए क्योंकि मानव जीवन विलासिता नहीं परोपकार, भगवत सेवा को समर्पित करने के लिए है।

उन्होंने बालगोपाल के करवट लीला की चर्चा करते हुए बताया कि भगवान शकटासुर का वध करना चाहते थे पर यशोदा ने उसे गाड़ी के नीचे और अपने से दूर रख दिये भगवान को ही भुल गई, इस कारण विपत्ति आयी। आगे बाललीला के प्रसंग पर उन्होंने बताया कि कोई भी देवता की हिम्मत नही हुई कि किसी राह चलती नारी की बाहें पकड़ ले लेकिंन कन्हैया पुष्टि प्रधान है जो गोपियों को अपनी बाहों में भर लेते थे। माखन चोरी प्रसंग पर उन्होंने बताया कि स्वाद या प्रेम गोपियों के माखन में नही अपितु उनके मन मे था इसलिए भगवान मखनरूपी प्रेम की चोरी किये। आगे उन्होंने बताया कि एक समयबद्ध कार्यक्रम के तहत भगवान ने सभी असुरों का उद्धार किये कोई भी काम को कल पर नही छोड़े। सती दाई कीर्तन मंडली बंगला चौक के अगुवाई में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस कथा में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रोता जन पहुंच कर कथा का आनंद ले रहे है। प्रतिदिन भक्तों के द्वारा भंडारा और विभिन्न प्रकार के प्रसाद की व्यवस्था की जा रही है।



श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करते श्रद्धालु।

## चांपा सेवा संस्थान के होली मिलन समारोह में जमकर थिरकीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

■ मतदाता जागरूकता का भी दिया गया संदेश

स्थानीय चांपा सेवा संस्थान के तत्वाधान में कोरबा रोड स्थित मित्तल वाटिका में बुधवार 3 अप्रैल को सायं 7 बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान से जुड़ी महिलाओं सहित पुरूषों एवं आमंत्रित गणमान्य नागरिकों ने हल्दी, चंदन और फूलों की होली खेली। इस दौरान अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए संस्थान द्वारा आसन्न लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान कराये जाने के लिए मतदाताओं से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से मतदान करने की भी अपील की गई।

समारोह का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी के तैल चित्र पर हल्दी - चंदन लगाकर तथा पूजा - अर्चना कर किया गया। कृष्ण के रूप में प्रसिद्धि शर्मा एवं राधा के रूप में मीरा चौधरी दर्शनीय रही। इस मौके पर फाग और मस्ती भरे फिल्मी होली गीतों की रस भरी बौछार इंडियन आइडल फेम शिव चौधरी के अलावा संस्थान से जुडे. डॉ. रवि सराफ, सुनील वनकर एवं महावीर सोनी ने की। उन्होंने एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत करते हुए उपस्थित महिलाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। होली मिलन समारोह के दौरान सभी ने एक दूसरे को हल्दी, चंदन लगाकर तथा फूल बरसाकर कार्यक्रम को गरिमामय एवं यादगार बना दिया। इस मौके पर राधा - कृष्ण महारास नृत्य मंडली ने भजन - कीर्तन के साथ राधा - कृष्ण की सुंदर झांकियों सहित महिलाओं ने नृत्य किया। कार्यक्रम रात्रि 10 बजे तक चला। इस मौके पर आने वाले सभी नागरिकों को हल्दी व चंदन का तिलक लगाया गया। इस मौके पर सुरेशधर दीवान, रामअवतार मित्तल, मनोज मित्तल, श्रीकिशन मित्तल, नारायण मित्तल, राजेश मित्तल, अभय मित्तल, पुरूषोत्तम शर्मा, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, सिद्धनाथ सोनी, प्रदीप देवांगन, कृष्णकुमार देवांगन, रामनारायण मोदी, चंद्रशेखर पाण्डेय, सत्यनारायण सोनी, सुशांत चैधरी, सुधीर गर्ग, राम खूबवानी, मनोज विरानी, गिरीश मोदी, शैलेश कुमार शर्मा, अन्नपूर्णा सोनी, रजनी सोनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं तथा पुरूष मौजूद थे।



होली मिलन समारोह में नृत्य करती महिलाएं।

## बिहान समूह की महिलाएं बना रहीं नीम फूल की बड़ी

**बहेराडीह।** नीम की फूल सालभर में सिर्फ एक ही मिलता है। नीम फूल की सब्जी का शायद आपने स्वाद जरूर लिया होगा। मगर नीम फूल की बड़ी को लाई बड़ी या बिजौड़ी की तरह तेल में तलकर किसी ने स्वाद जरूर लिया होगा। बाजार में इस तरह की बड़ी की अत्यधिक मांग को देखते हुए बहेराडीह के बिहान की गंगे मईय्या स्व सहायता समूह की महिलाएं नीम फूल की बड़ी बनाने का कारोबार विगत कई सालों से कर रहे हैं। यह बड़ी प्रति किलो एक हजार रुपये बिक रही है। वैसे इस तरह की बड़ी हर किसी को पसंद है।

समूह के अध्यक्ष लक्ष्मीन यादव और सचिव पुष्पा यादव ने बताया कि इस समय उन्हें नीम की फूल पर्याप्त मात्रा में मिल रही है और उड़द दाल के साथ अदौरी बड़ी की तरह नीम फल की बड़ी बनाने का कारोबार कर रही हैं। इसी तरह उनके समूह में मुनगा बड़ी, मशरूम बड़ी राखियां बड़ी, पपीता बड़ी, आलू बड़ी, जिमीकंद की बड़ी, मूली की बड़ी, लाई बड़ी बनाने का काम किया जा रहा है। इस कारोबार से समूह के महिलाओं को बहुत ही अच्छा आमदनी हो रही है। बलौदा ब्लॉक अंतर्गत कुरदा क्लस्टर के एडीईओ अरुण कुमार यादव, पीआरपी रोपेश्वरी निर्मलकर, एफएलसीआरपी रेवती यादव और सक्रिय महिला ललिता यादव ने बताया कि बड़ी के अलावा कई तरह की चटपटा आचार और पापड़ भी बनाये जाते हैं। जिसमें मुनगा आचार, कटहल आचार, बोइर आचार, मशरूम आचार, नींबू आचार, आम आचार, टमाटर और अन्य सब्जी फल फूल की आचार बनाई जा रही है। ठीक इसी प्रकार चावल पापड़, आलू पापड़, मूंग दाल की पापड़, उड़द, मूंग दाल की पापड़, साबूदाना पापड़, सुई आटा की पापड़, मशरूम पापड़, मुनगा भाजी की पापड़ बनाने का काम किया जा रहा है।



बड़ी बनाती समूह की महिलाएं।





